# मार्च 2025 में संपन्न की गई राजभाषा विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल की विविध गतिविधियाँ

1. **क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक** :- दिनांक 21.03.2025 को महाप्रबंधक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की बैठक में श्री श्रीकांत प्रे. चन्द्रिकापुरे, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) तथा श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी ऑनलाइन शामिल हुए ।

2. **मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक** :- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की प्रथम बैठक का आयोजन दिनांक 27.03.2025 को मंडल सभाकक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री दीपक कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक द्वारा की गई । बैठक में श्री श्रीकांत प्रे. चंद्रिकापुरे, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी व अपर मंडल रेल प्रबंधक (परि), श्री ए.के. सूर्यवंशी, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई) तथा सभी शाखाधिकारी/उनके प्रतिनिधि शामिल हुए । बैठक का संचालन समिति के सचिव व राजभाषा अधिकारी श्री गौतम श्रीवास्तव द्वारा किया गया ।



बैठक के दौरान राजभाषा अनुपालन में सराहनीय कार्य करने हेतु 03 उत्कृष्ट कार्मिकों - श्रीमती सुनिता सुशांत चिकाटे, कार्यालय अधीक्षक/ वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (कार्य)/ मोतीबाग, श्री के. योगराज, वरिष्ठ लिपिक/ वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, नागपुर तथा श्री दीपक कुमार, कार्यालय अधीक्षक/ वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, नागपुर को मंडल रेल प्रबंधक महोदय के करकमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया । साथ ही नागपुर मंडल की ई-पत्रिका **'समर्पण'** के प्रकाशन में विशेष रूप से तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु श्री जितेंद्र सेलोकर, तकनीशियन/ वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (कैरेज एंड वैगन)/ इतवारी को भी पुरस्कृत किया गया ।





3. **स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का आयोजन** :- दिनांक 11.03.2025 को डीजल लोको शेड/मोतीबाग, 12.03.2025 को मोतीबाग, 17.03.2025 को राजनांदगांव स्टेशन, 18.03.2025 को डोंगरगढ़ स्टेशन, 19.03.2025 को इतवारी स्टेशन, 20.03.2025 को छिंदवाड़ा

स्टेशन, 21.03.2025 को तुमसर रोड स्टेशन, 24.03.2025 को बालाघाट स्टेशन, 25.03.2025 को गोंदिया स्टेशन, 26.03.2025 को भंडारा रोड स्टेशन, 27.03.2025 को नागभीड़ स्टेशन तथा 28.03.2025 को कामठी स्टेशन के राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का आयोजन किया गया।





4. **<u>हिंदी कार्यशाला</u>** :- (1) श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिनांक 11.03.2025 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति/डीजल लोको शेड/मोतीबाग के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त रेलकर्मियों हेतु 15:30 बजे से 16:45 बजे तक 'निर्धारित मदों में अनिवार्य रूप से तथा अन्य मदों में अपेक्षित रूप से सरकारी कामकाज शत-प्रतिशत हिंदी में कैसे करें' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 18 रेलकर्मी शामिल हुए।

(2) श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिनांक 12.03.2025 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति/मोतीबाग के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त रेलकर्मियों हेतु 16:30 बजे से 17:45 बजे तक 'निर्धारित मदों में अनिवार्य रूप से तथा अन्य मदों में अपेक्षित रूप से सरकारी कामकाज शत-प्रतिशत हिंदी में कैसे करें' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 रेलकर्मी शामिल हुए।

(3) श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिनांक 17.03.2025 को राजनांदगांव स्टेशन के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त रेलकर्मियों हेतु 10:00 बजे से 11:15 बजे तक 'निर्धारित मदों में अनिवार्य रूप से तथा अन्य मदों में अपेक्षित रूप से सरकारी कामकाज शत-प्रतिशत हिंदी में कैसे करें' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 16 रेलकर्मी शामिल हुए।


(4) श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिनांक 25.03.2025 को गोंदिया स्टेशन के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त रेलकर्मियों हेतु 10:00 बजे से 11:15 बजे तक 'निर्धारित मदों में अनिवार्य रूप से तथा अन्य मदों में अपेक्षित रूप से सरकारी कामकाज शत-प्रतिशत हिंदी में कैसे करें' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 24 रेलकर्मी शामिल हुए।

(5) श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा दिनांक 28.03.2025 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, नागपुर के हिंदी में प्रवीणता प्राप्त रेलकर्मियों हेतु 16:30 बजे से 17:45 बजे तक 'निर्धारित मदों में अनिवार्य रूप से तथा अन्य मदों में अपेक्षित रूप से सरकारी कामकाज शत-प्रतिशत हिंदी में कैसे करें' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 19 रेलकर्मी शामिल हुए।




5. **<u>राजभाषा निरीक्षण</u> :–**

माह के दौरान श्री गौतम श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा भंडार अनुभाग/कार्मिक विभाग/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/ नागपुर, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (विद्युत/गाड़ी बत्ती)/ इतवारी/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/नागपुर, सलवा स्टेशन, सालेकसा स्टेशन, बिरसोला स्टेशन, बिनैकी स्टेशन, गोंगली स्टेशन (**कुल 07**) का राजभाषा विषयक मदों का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों को दूर करने हेतु मार्गदर्शन एवं परामर्श दिया गया ।




6. **<u>जयंतियों का आयोजन</u> :-** दिनांक 26.03.2025 को महादेवी वर्मा हिंदी पुस्तकालय, नैनुपर में **महादेवी वर्मा** जी की जयंती मनायी गई ।






7. **<u>नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नागपुर (कार्यालय-2) की गतिविधियां</u> :–**

**(क)** दिनांक 07.03.2025 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-2) नागपुर के तत्वावधान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा 'स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता' का आयोजन मंडल रेल

प्रबंधक कार्यालय, द.पू.म.रेलवे, नागपुर में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में नराकास (का-2) नागपुर के सदस्य कार्यालयों के कार्मिकों ने भारी संख्या में भाग लिया।





**(ख)** दिनांक 26.03.2025 को वेस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड,नागपुर द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नागपुर मंडल से 02 कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

8. दिनांक 27.03.2025 को मंडल के अधिकारियों हेतु राजभाषा विषयक मदों पर लघु प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें मंडल के कुल 12 अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।





9. **<u>यूनिकोड सक्रियण</u> :-** संदर्भित माह के दौरान के वाणिज्य एवं यांत्रिक विभाग द्वारा नए खरीदे गए/ फार्मेटिंग किए गए कुल 03 कम्प्यूटरों में यूनिकोड इंस्टाल किया गया।

10. **<u>पुस्तक समीक्षा</u> :-** माह मार्च, 2025 में कुल 20 पुस्तक समीक्षाएं प्राप्त हुईं। प्राप्त पुस्तक समीक्षाओं में श्री प्रकाश पोटभरे, ट्रैक मेंटेनर, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे/ तुमसर रोड की पुस्तक समीक्षा सर्वश्रेष्ठ समीक्षा पायी गई।

11. दिनांक 20.03.2025 को आयोजित रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यानवयन समिति की बैठक के दौरान अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी/रेलवे बोर्ड, श्री सतीश कुमार के करकमलों से **श्री अशोक कुमार सूर्यवंशी, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), नागपुर मंडल जो वर्तमान में मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), नागपुर के रूप में कार्यरत हैं**, को उनके द्वारा वर्ष 2022 में राजभाषा कार्यान्वियन के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए **रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक** से सम्मानित किया गया।